हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

09 अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयासः

10 लाभार्थियों का ऑनलाइन सत्यापन करेंगे सरपंच

खबर संक्षेप

सिंचाई करते हुए फिसला पांव, किसान की मौत

नारनौल। गांव धनौंदा में सवेरे सब्जी की फसल की पौध की सिंचाई करने खेतों में गए किसान की पैर फिसलने से होद में डूबने से मौत हो गई। हौद की गहराई करीब छह फुट बताई गई है। सुबह करीब 8 बजे लगभग 57 वर्षीय कैलाश यादव खेत में पौध की सिंचाई के लिए गए थे। वह हौद में से पानी ले रहे थे, तब उनका पैर फिसल गया और हौद के पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। सुबह 10 बजे खेत में जाने पर परिजनों को घटना का पता चला।

नांगल चौधरी में कांग्रेस की बैठक 31 को

नांगल चौधरी। 31 दिसंबर को पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। जिसमें भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा बनाई जाएगी। पूर्व विधायक ने बताया कि नांगल चौधरी हलके में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य करवाया गया था। क्षेत्र में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम किया जाएगा। 31 दिसंबर को 20 गांवों के कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई है।

मिड-डे-मील वर्कर एक को सौंपेंगी ज्ञापन

नारनौल। मिड-डे-मील वर्कर कम कुक से चिरायु योजना के अंतर्गत 1500 रुपये लेने के विरोध में एक जनवरी को जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने मिड-डे-मील कम कुक से 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लेकर पांच लाख रुपये तक का इलाज फ्री देने के प्रदेश सरकार के निर्णय को मिड-डे-मील कम कुक विरोधी करार दिया। कार्यकर्ता को साल में महज 10 माह का मानदेय मिलता है, जो सात हजार रुपये प्रति माह है, जो सालाना 70 हजार रुपये बनता है।

सावित्री बाई के जन्मदिन पर कार्यक्रम 3 को

नारनौल। स्लम जागृति समिति पटीकरा में प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले का जन्मदिवस तीन जनवरी को 11 बजे डा. भीमराव अंबेडकर भवन सेका मार्ग पटीकरा में मनाया जाएगा। रिटायर्ड प्रिंसिपल सुमेर सिंह यादव, प्रो. शिवताज सिंह, महेंद्र सिंह खन्ना, ओमप्रकाश मोरवाल व ओमप्रकाश छापड़ा, मिथ्याचन्द यादव, रिटायर्र मैनेजर रामसिंह बुमरा, लेखाकार महेंद्र सिंह, मेजर ईश्वर सिंह, सरपंच राहुल यादव खैराणा शामिल होंगे।

दो दुकानों के ताले तोड़कर नकदी चुराई

नारनौल। आजाद चौक में रात्रि को चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर वहां से नकदी चुरा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सुभाष चंद मुकेश कुमार के यहां जनरल स्टोर तथा श्याम स्वीट्स मां चामुंडा मंदिर गली में चोरों ने ाले तोड़ कर नगदी चुरा ली। सुभाष चंद के 20 हजार तथा श्याम स्वीट्स से 15 हजार रुपये चुरा ले गए।

फसलों के लिए वरदान बनेगी धुंध की बौछार, 31 तक छाई रहेगी कोहरे की चादर

तीन दिन से छा रही धुंध, वीरवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान बढ़ा, दिन खिली धूप से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीते दिनों से क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदलने लगा हैं। पिछले तीन दिन धुंध के साथ-साथ ठंड बढ़ने लगने लगी हैं। धुंध का असर दोपहर एक से दो बजे तक रहने लगा है। इससे दिन के तापमान में गिरावट आ गई है। तापमान में गिरावट से लोगों को कुछ परेशानियां हो रहीं हैं। वहीं यह ठंड व धुंध रबी की फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रहीं हैं। जिन एरिया में सिंचाई पानी कम है या अभाव है। वहां पर यह धुंध पानी की बौछार की तरह काम करेगी। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार यह धुंध की बौछार खासकर सरसों के लिए अच्छी है।

देरी से हुई बुआई वाली सरसों में भी ग्रोथ अच्छा हो रही है। क्षेत्र में इस बार देरी से धुंध शुरू हुई हैं। इससे दिसंबर माह के बीच में धुंध आना शुरू हो जाती थी। इस समय गेहूं की ग्रोथ के लिए पानी के साथ ठंड की आवश्यकता होती हैं। ऐसे में धुंध की बौछार ही काम करेगी। गेहूं की फसल सर्द मौसम को पसंद करती है। ऐसे में दिन का तापमान 10 से 15 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए और रात्रि को एक या दो डिग्री तक रहे। तब तक कोई नुकसान नहीं। रात्रि को ठंड होती है और दिन में भी धुंध दोपहर तक रहती है। यह मौसम गेहूं व सरसों के लिए अनुकूल है।

महेंद्रगढ़। शहर में सुबह के समय छाए कोहरे में स्कूल जाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

दिनांक	अधिकतम	न्यूनतम तापमान
21 दिसंबर	22.5	5
22 दिसंबर	22.1	3.4
23 दिसंबर	20.5	7.4
24 दिसंबर	21.5	6.2
25 दिसंबर	22.5	5.4
26 दिसंबर	23.1	4.5
27 दिसंबर	16.1	6.1
28 दिसंबर	17.9	7.5

मौसम साफ होने पर किसान करें स्प्रे

कृषि वैज्ञानिक डॉ. रमेश कुमार का कहना है कि इस समय तापमान फसल की ग्रोथ के लिए अनुकुल हैं। अगर कोई किसान गेहूं में स्प्रे करता है तो दिन में मौसम साफ होने के बाद कर सकता है। नवंबर पहले पखवाड़े में बुआई की है और 50 से 55 दिनों के बाद स्प्रे करना होता है। ऐसे में स्प्रे कारगार रहेगा। किसान गेंहू की फसल में 45 दिन बाद दूसरी सिंचाई करें। सिंचाई के तीन से चार दिन बाद आवश्यकतानुसार नाइट्रोजन का छिडकाव करना चाहिए। गेहूं की फसल में अगर दीमक का प्रकोप दिखाई देता है तो बचाव के लिए किसान क्लोरपायरीफॉस 20 ईसी 2 लीटर प्रति एकड़ 20 किलो बालू में मिलाकर खेत में शाम को छिड़क दे और सिंचाई करें।

शुष्क रहेगा मौसम

मौसम प्रेक्षक अर्जुन सिंह का कहना है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 31 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने और आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ-साथ सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना हैं। हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की उम्मीद हैं।

बिना अधिग्रहण किए पंचायती जमीन पर शुरू कर दिया था निर्माण

पंचायत व पीडब्ल्यूडी का विवाद सुलझा अब बनेगा अधूरे लॉजिस्टिक हब का पुल

विवाद निपटने से लॉजिस्टिक हब निर्माण की एक और बाधा दूर, निजामपुर क्षेत्र के गांव घाटासेर से मांदी गांव में कृष्णावति नदी में जाकर मिलती है सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ग्राम पंचायत ताजीपुर एवं एचएसआईडीसी के बीच सड़क निर्माण को लेकर ऊपजे विवाद में जमीन अधिग्रहण के पंचायती राज विभाग के डायरेक्टर ने हरी झंडी दे दी है। इससे अब लॉजिस्टिक हब की अधूरी सड़क तथा ताजीपुर में किए जा रहे फ्लाईओवर के अधूरे निर्माण को पूरा किया जा सकेगा। हालांकि अभी जमीन अधिग्रहण का ग्राम पंचायत को पैसा नहीं मिला है, लेकिन डायरेक्टर की अनुमति के आधार पर फ्लाईओवर का निर्माण चालू कर दिया गया है।

सरकार निजामपुर क्षेत्र में लॉजिस्टिक हब का निर्माण कर रही है। जिसके लिए सड़कों के लिंक मार्ग बनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांव घाटासेर से मांदी में कृष्णावति नदी तक सड़क बनाई गई। जिसे एचएसआईडीसी ने पीडब्ल्यूडी के से करवाया है। सड़क ताजीपुर गांव में पड़ता है। गांव में निर्माण के लिए जब एचएसआईडीसी ने जमीन अधिग्रहण की, तब उस जमीन का अवार्ड यानि पैसा भी दे दिया गया।

नारनौल। ताजीपुर में तैयार किया जा रहा फ्लाईओवर। फोटो: हरिभूमि

स्वीकृति मिलते ही कर दिया निर्माण शुरू

एचएसआईडीसी उक्त सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी के जरिए करवा रही है। अब 'यों ही डायरेक्टर ने जमीन अधिग्रहण करने की अनुमति दी है, त्यों ही पीडब्ल्यूडी ने सड़क एवं फ्लाईओवर का निर्माण शुरू कर दिया है। मौके पर अधूरे फ्लाईओवर के काम में मशीनें एवं मजदूर जुट गए हैं, जो इंजीनियरों के इशारे पर काम कर रहे हैं। अब शीघ्र ही इस अधूरी सड़क एवं फ्लाईओवर के तैयार हो जाने की संभावना है।

अब केवल पैसा मिलना शेष

पंचायती राज डायरेक्टर की ओर से जमीन एचएसआईडीसी को देने की अनुमति मिलने के बाद स्थानीय पंचायती अधिकारियों यानि सरपंच ताजीपुर, बीडीपीओ एवं डीडीपीओ ने एचएसआईडीसी के साथ पत्राचार शुरू कर दिया है। इन अधिकारियों का कहना है कि एचएसआईडीसी अब जमीन का अधिग्रहण कर सकती है।

यहां कर दी थी चूक

एचएसआईडीसी ने जब लॉजिस्टिक हब की सड़क के जमीन अधिग्रहण की थी, तब ताजीपुर गांव में कुछ हिस्सा ग्राम पंचायत की जमीन का भी आता था। एचएसआईडीसी ने जिस प्रकार किसानों की जमीन सड़क के लिए अधिगृहित की और उसका पैसा लौटाया, उसी प्रकार ग्राम पंचायत की जमीन पर सड़क तो बनानी चाही, लेकिन न तो इसे अधिग्रहित किया और न ही इसका पैसा दिया, जबकि सड़क एवं फ्लाईओवर निर्माण शुरू कर दिया। एचएसआईडीसी के अधिकारियों ने यहीं पर चूक कर दी, जिसका खामियाजा सड़क निर्माण में देरी के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

120 कनाल जमीन गई

ग्राम पंचायत ताजीपुर की जो जमीन इस सड़क एवं फ्लाईओवर में चली गई है, वह करीब 120 कनाल है, जिसे ताजीपुर के जोहड़ वाली जमीन बोली जाती है। इस जमीन का लगभग सात करोड़ रुपये बनता है, जो अब तक एचएसआईडीसी ने ग्राम पंचायत में जमा नहीं करवाया है, लेकिन अब पंचायत राज डायरेक्टर ने जमीन अधिग्रहण की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

फाइल उच्चाधिकारियों को भेजी

एचएसआईडीसी के ज्ञानवीर पूनिया ने बताया कि जमीन अधिग्रहण की फाइल उच्चाधिकारियों के पास भेजी गई है। शीघ्र ही इसका निपटारा होने की उम्मीद है। जब फाइनल हो जाएगा, तब पंचायत को जमीन का अवार्ड दे दिया जाएगा।

निर्माण कर दिया है शुरू

पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्विनी कुमार ने बताया कि अब पंचायत का विवाद सुलझ गया है तथा पंचायत को कोई आपत्ति भी नहीं है। इस सड़क एवं फ्लाईओवर का बजट पहले से स्वीकृत है। इस कारण निर्माण शुरू किया गया है। इसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

यह कहते हैं सरपंच प्रतिनिधि

ताजीपुर की सरपंच राजबाला के सुसर सतबीर दारोता ने बताया कि हमारा विवाद सुलझ गया है। पंचायती राज डायरेक्टर ने जमीन अधिग्रहण की अनुमति दे दी है। अब एचएसआईडीसी द्वारा इस जमीन को अधिग्रहण करने के लिए रजिस्ट्री करवानी शेष है। जैसे ही रजिस्ट्री करवाएंगे, इसका पैसा ग्राम पंचायत को मिल जाएगा।

पैसा नहीं मिला था, तब खोद दी थी सड़क

जब ग्राम पंचायत को सड़क में गई जमीन का पैसा नहीं मिला था, तब सड़क निर्माण किया जा रहा था। इस पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि नाराज हो गए तथा उन्होंने सड़क में जगह-जगह लंबे-लंबे गड्ढे खोद दिए। इन गड्ढों के कारण वाहनों का आवागमन बंद हो गया, जो अब तक बंद था।

सीएम फ्लाइंग की आरटीए ऑफिस में रेड, चार कर्मचारी गैरहाजिर मिले

- सुबह 19 से 11 : 20 तक चली छापेमारी
- चालान टीम बुधवार को नहीं वीरवार को गई ट्रेनिंग पर
- साइबर कैफे पर भेज देते हैं कर्मचारी, कैफे वाले निर्धारित फीस से 200 रुपये अधिक करते हैं वसूल
- गाड़ियों के चालान भुगतने के लिए आए थे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने वीरवार सुबह करीब 10 बजे से 11:20 तक आरटीए कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान चार कर्मचारी हाजिर पाए गए। चालान भरने वाले कर्मचारियों में कोई मौजूद नहीं था, जिस कारण कार्यालय में चालान जमा कराने आए लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता शिवराज सिंह चौहान थे।

ठंड के इन दिनों में सरकारी मुलाजिम अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाह बने हुए हैं तथा वह अपनी सीट पर देरी से पहुंच रहे हैं। इसी को चेक करने के लिए वीरवार प्रातः करीब 10 बजे मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने पंचायत भवन में बने आरटीए कार्यालय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरटीए सहित कुल चार कर्मचारी कार्यालय से गैर-हाजिर मिले। पासिंग, ड्राइविंग लाइसेंस व परमिट से संबंधित फाइलों में भी काफी अनियमितताएं पाई गई। उड़नदस्ता की तरफ से रेवाड़ी की तरफ से एएसआई सचिन कुमार के साथ खुफिया विभाग ले रेड की।

दूसरी ओर आरटीए कार्यालय आए रविंद्र नांगल काठा, हिमांशु धौलेड़ा तथा सुनील टहला मुकंदपुरा ने बताया कि वह दो दिनों से आरटीए कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। बुधवार को बताया गया कि चालान टीम ट्रेनिंग पर गई हुई है। आज सुबह जब नौ बजे यहां पहुंचे तो फिर से बताया गया है कि चालान टीम कल नहीं, आज ट्रेनिंग पर गई है। वह यहां पर गाड़ियों के चालान भुगतने आए थे, लेकिन यहां के कर्मचारी उन्हें बाहर साइबर कैफे पर भेज देते हैं, जो 200 रुपये अतिरिक्त लेते हैं। नाराजगी जताई कि जब सरकार ने यहां कर्मचारी लगा रखे हैं तो वह बाहर जाकर क्यों पैसे खर्च करें।

आईएमटी खुडाना को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक, 128 फीट रास्ते को लेकर अब तक प्रगति रिपोर्ट को जांचा

महेंद्रगढ़। लघुसचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में खुडाना में बनने वाली आईएमटी को लेकर एसडीएम हर्षित कुमार ने अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, गांव खुडाना व आकोदा गांव के सरपंच के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। एसडीएम ने एचएचआईडीसी विभाग , नायब तहसीलदार दयाचंद, बीडीपीओ अनिल यादव से आईएमटी को जाने वाले 128 फीट रास्ते से अब तक हुई प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। जमीन होल्डरों के सहमति पत्र पर भी चर्चा की व बाकी बचे जमीन मालिकों ने धिग्रहण के लिए सहमति पत्र नहीं दिए है, उनसे जल्द सहमति पत्र लें, ताकि आईएमटी के कार्य को अंतिम रूप दिया जाए। आईएमटी के कार्य को बची औपचारिकताओं को पूरा कर कार्य को जल्द शुरू किया जाएगा। आईएमटी खुडाना के लिए मुख्यमंत्री द्वारा मंजूर 130 करोड़ रुपये की लागत से जलघर का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। आईएमटी खुडाना में जल्द कार्य पूरा हो जाएंगा। यहां के बेरोजगार युवकों को मानसेर, बावल, गुरूग्राम की तरह रोजगार के अवसर पैदा होंगे बैठक में सुपरीडेंट नवल शर्मा, शिवकुमार पटवारी, नरेश गिरदावर, जोगेंद्र पटवारी, पंकज पटवारी व अन्य अधिकाारियों के अलावा सरपंच प्रतिनिधि नरेश तंवर, नरेश आकोदा, पूर्व सरपंच ओमपाल, सतबीर उर्फ भैरू, हरिओम सरपंच चितलांग मौजूद रहे।

प्रतिबंधित दवाइयां रखने का आरोपी काबू, रिमांड

महेंद्रगढ़। पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुकान में प्रतिबंधित दवाइयां रखकर के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान दीवान वासी खायरा के रूप में हुई है। टीम डॉ. प्रशांत ने टीम के साथ मेडिकल स्टोर पर छापा मारा था। जहां से टरोमेडल 50 एमजी के 116 कैप्सूल व अलपरोजोल 0.5 एमजी की 270 गोलियां प्राप्त हुई। दुकान मालिक से इस संबंध में लाइसेंस या बिल टीम को नहीं दिखा पाया था।

ठंड के साथ बढ़ा कोहरा, सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा के बाद 27 दिसंबर से शुरू हुए पौष माष के साथ ही क्षेत्र में धुंध व कोहरे का मिजाज बढ़ गया है। तापमान में गिरावट आने से कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बड़े-बुजुगार्ें की माने तो पौष व माघ दो महीने ठंड के माने जाते हैं। इन महीनों में भले ही तापमान ऊपर उठ जाए, लेकिन मानसिकता सर्दी वाली बनी रहती है। पौष मास के शुरू होते ही सर्दी ने रंग दिखाना शुरू कर दिया। लिहाजा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक अलाव जलाकर सर्दी दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। घनी धुंध से रेल व सड़क यातायात प्रभावित हुआ तथा वाहन सड़क पर रेंगते नजर आए।

धुंध के चलते विजीबलिटी कम होने से कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर घटित हादसे में एक प्रवासी युवक की मौत भी हो गई। ईधर प्रशासन की ओर से धुंध एवं सर्दी के बीच सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सड़कों पर सफेद व पीली पट्टी लगाने के साथ-साथ वाहन चालकों के लिए एडवायजरी जारी की गई है। वीरवार को क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 6.5 व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 383 रहा।

कृषि विभाग के डा. विकास कुमार ने बताया कि 29 से 31 दिसंबर तक मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं धुंध व सर्दी में इजाफा होगा। ठंड से फसलों को फायदा होगा।

हकेंवि में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उपलब्ध स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी पीजी) के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 26 दिसंबर से शुरु हो गई है। विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए आगामी 24 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास व रोजगार सृजन की दिशा में प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय में सीयूईटी-2024 के नोडल ऑफिसर डॉ. केशव सिंह रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 जनवरी, 2024 तक चलेगी। इस परीक्षा के आधार पर ही विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले करेगा। डॉ. रावत ने बताया कि सत्र 2024-25 में कुल 41 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। जिनके दाखिले सीयूईटी 2024 (पीजी) परीक्षा के माध्यम से होंगे। ऑनलाइन आवेदन व अन्य विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगइन करें।

निपुण एप हुआ अपडेट, पहली से 5वीं तक छात्रों का होगा आकलन

बच्चों की पढ़ाई का स्टेट्स देख सकेंगे अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा टीचर को अपडेट किया गया है। एप अपडेट होने के बाद अभिभावक घर बैठे अपने बच्चे की स्कूली गतिविधियों की उपलब्धियां अपने मोबाइल एप पर ही जान सकेंगे। पहले चरण एप में कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया हैं। एप के माध्यम से विद्यार्थियों की हिंदी, अंग्रेजी व गणित विषय में सुधार किया जाएगा। सरकारी स्कूल के विद्यार्थी अब फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने के साथ-साथ अंगुलियों में सवाल कर सकेंगे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा विभाग ने निपुण हरियाणा एप को अपडेट करके गूगल प्ले स्टोर पर लांच किया हैं। एप पर चार प्रकार से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों को सावधिक आकलन किया जाएगा। पहले चरण में आकलन करने के लिए अपडेट इंटरफेस दिया गया है। राजकीय स्कूलों में अपडेट वर्जन के लिए शिक्षक प्रशिक्षित किए जाएंगे।

मिलेगी यह जानकारी

एप के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चे की स्कूल की प्रतिदिन की दिनचर्या की जानकारी मिलती रहेगी। शिक्षक एप के माध्यम से अभिभावक को स्कूल की जानकारी और गृह कार्य व अन्य जानकारी भी भेज सकेंगे। एप पर अभिभावक हाजिरी की रिपोर्ट के साथ ही अभिभावक पर बैठे यह जान पाएंगे कि बच्चा स्कूल कब-कब गया और स्कूल में किन-किन अधिकारियों ने उसका आकलन किया। एप पर अभिभावक स्कूल में अर्जित उपलब्धियां भी ऑनलाइन देख सकेंगे। निपुण हरियाणा अभिभावक के शुरू होने के बाद यह सुविधा शुरू हो जाएगी। अभी एप का परीक्षण किया जा रहा हैं। शिक्षकों के लिए भी यह एप लाभकारी रहेगा। शिक्षक अपनी कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थियों को उस कक्षा के निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने के बाद उस विद्यार्थी की विषयवार निपुण स्थिति को चिह्नित करेंगे। प्राथमिक शिक्षक के लिए एप का संचालन अनिवार्य किया गया है। विभाग द्वारा प्राथमिक अध्यापकों को टैबलेट भी उपलब्ध करवाया हैं। अध्यापकों की ओर से निपुण हरियाणा टीचर एप को अपने टैबलेट, मोबाइल में डाउनलोड अनिवार्य है। सभी प्राथमिक अध्यापक अपने टैबलेट, मोबाइल पर निपुण हरियाणा टीचर एप के अपडेटेड वर्जन को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं और अपने एम्पलाई कोड और डेट ऑफ बर्थ के माध्यम से लॉगिन करेंगे।

चाइल्ड आर्टिस्ट्स

नया साल.. नया उत्साह नए इरादे

हर बच्चा नए साल को सेलिब्रेट करता है। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी इसमें पीछे नहीं रहते हैं। न्यू ईयर ये कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इस साल इनकी सेलिब्रेशन की क्या प्लानिंग है, इनका कौन-सा सबसे मेमोरेबल न्यू ईयर सेलिब्रेशन रहा, नए साल में इनका नया क्या करने का इरादा है, बता रहे हैं कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट **बालभूमि** को।

सुबह रोज एक्सरसाइज करूंगी बॉडी को फिट रखूंगी : जारा वारसी

जारा वारसी, एंडटीवी के सीरियल 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमकी के रोल में सबको खूब हंसा रही है। उसने काफी पहले से न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग कर रखी है। वह चहकते हुए बताती है, 'मैं न्यू ईयर अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट करूंगी। हमने प्लान किया है, हम पहले किसी पार्क में जाएंगे। इसके बाद किसी रेस्टोरेंट में जाकर टेस्टी-टेस्टी खाना खाएंगे। फिर घर आकर एंज्वॉय करेंगे। रात को 12 बजने से पहले सब मिलकर उल्टी गिनती करेंगे। 12 बजने पर एक-दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर विश करेंगे। वैसे मेरे सभी न्यू ईयर सेलिब्रेशन यादगार ही रहे हैं, लेकिन सबसे मेमोरेबल की बात करूं तो वो 2023 का पहला दिन सबसे यादगार रहा था। असल में साल 2022 के अंतिम दिनों में मैंने पापा से कहा कि मुझे एक हारमोनियम चाहिए। पापा ने वादा किया कि वो हारमोनियम न्यू ईयर के पहले दिन ही देंगे। पापा ने अपना प्रॉमिस पूरा भी किया। इस तरह न्यू ईयर पर अपनी विश पूरी होने पर फर्स्ट-डे बहुत मेमोरेबल बन गया।'

जारा से यह पूछने पर नए साल में उसका रेजॉल्यूशन क्या है, वह जवाब देती है, 'मैं न्यू ईयर रेजॉल्यूशन में बिलीव नहीं करती हूं। लेकिन मैंने सोचा है कि न्यू ईयर की सुबह उठकर रोज एक्सरसाइज करूंगी और बॉडी को फिट रखूंगी। ऐसा डेली करूंगी। हैप्पी न्यू ईयर इन एडवांस।' *

एक कलाकार के रूप में पूरे परिवार को गर्व महसूस करवाऊंगा : व्योम ठक्कर



इन दिनों व्योम ठक्कर एंडटीवी के सीरियल 'अटल' में अटल बिहारी बाजपेयी के बचपन का किरदार निभा रहा है। इस किरदार में उसने दर्शकों का दिल जीत लिया है। व्योम न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर बहुत एक्साइटेड है। वह बताता है, 'साल 2024 में मेरे लिए बहुत खास होने वाला है, क्योंकि नए साल का पहला दिन मैं अपने माता-पिता, बड़े भाई और सीरियल 'अटल' की पूरी टीम के साथ सेट पर ही सेलिब्रेट करूंगा। अटल जी की शानदार छवि के साथ नए साल की शुरुआत करना, मुझ पर उनके आशीर्वाद के रूप में पूरे साल बना रहेगा। जहां तक सबसे मेमोरेबल न्यू ईयर सेलिब्रेशन की बात करूं तो साल 2022 के आखिरी दिन में कहीं बाहर जाने के बजाय हमने साल 2023 का स्वागत अपने घर पर ही सेलिब्रेट किया था। हमने बाहर से टेस्टी खाना मंगाया था। नए साल के जश्न में मम्मी-पापा, बड़े भाई और मेरा डॉगी शामिल थे।'

इस बार व्योम ने नए साल पर क्या रेजॉल्यूशन लिया है, वह यह भी बताता है, 'मैंने न्यू ईयर रेजॉल्यूशन भी लिया है कि अटल जी का किरदार बेहतर तरीके से निभाकर एक कलाकार के रूप में अपने पूरे परिवार को गर्व महसूस करवाऊंगा। सबको हैप्पी न्यू ईयर।' *

अपने सपने के लिए काम करूंगी मम्मी-पापा को तंग नहीं करूंगी : तृषा शारदा

सोनी सब के सीरियल 'आंगन अपनों का' में तृषा शारदा ने पल्लवी का रोल निभाकर सबको मोह लिया है। उसे न्यू ईयर सेलिब्रेट करना बहुत पसंद है। वह हंसते हुए बताती है, 'मैं पूरे साल कितनी भी बिजी रहूं, नए साल के मौके पर अपने परिवार वालों और अपने कजिंस के साथ ही होती हूं। यह खास दिन मैं उनके साथ ही सेलिब्रेट करती हूं। मुझे नए साल में केक काटना और मम्मा के हाथ का बना स्वादिष्ट व्यंजन खाना बहुत अच्छा लगता है। इसलिए इस बार मैं अपने चचेरे भाइयों के साथ घर में पार्टी करूंगी, जहां हम एक साथ नए साल का स्वागत करेंगे। मेरा मानना है कि हम कितने भी बिजी क्यों ना रहें, हमें अपनों के लिए समय निकालना ही चाहिए। वैसे तो मेरे सारे न्यू ईयर सेलिब्रेशन यादगार हैं। उनमें से एक मेरे दिल के बहुत करीब है, जब मैं मनाली गई थी और पहली बार मैंने बर्फबारी देखी थी। यह मेरे लिए एक अलग ही अनुभव था।'

तृषा नए साल पर अपना लिया जाने वाला रेजॉल्यूशन भी बताती है, 'मैंने नए साल पर कड़ी मेहनत का रेजॉल्यूशन लिया है। मैं कड़ी मेहनत से पढ़ाई करूंगी, अपने सपने के लिए काम करूंगी और मम्मी-पापा को तंग नहीं करूंगी, अपना बेस्ट दूंगी। सभी को नए साल की शुभकामनाएं।' *

अपनी हॉबीज पूरी करने के लिए समय निकालूंगा : शीहान कपाही

सोनी सब के सीरियल 'वागले की दुनिया' में शीहान कपाही लंबे समय से अथर्व वागले के किरदार में लोगों को एंटरटेन कर रहा है। न्यू ईयर की प्लानिंग के बारे में पूछने पर वह बहुत खुश होकर बताता है, 'मैं और मेरी फैमिली नए साल का स्वागत कश्मीर जाकर करेंगे। मुझे वहां की बर्फ और ठंडा मौसम बहुत पसंद है। मैं साल का आखिरी दिन और नए साल का पहला दिन परिवार के साथ बिताऊंगा। 31 दिसंबर की रात पेरेंट्स के साथ होटल के कमरे में कोई अच्छी फिल्म देखते हुए स्वादिष्ट हॉट चॉकलेट खाऊंगा। न्यू ईयर की सबसे मेमोरेबल मोमेंट की बात करूं तो 2023 का न्यू ईयर सेलिब्रेशन फैमिली के साथ मुंबई में मेरी बिल्डिंग में डीजे, फूड्स और म्यूजिक के साथ मनाया था। पार्टी में मेरे सभी दोस्त थे। हमने पार्टी में खूब मस्ती की थी।'

जहां तक न्यू ईयर रेजॉल्यूशन की बात है, वह भी शीहान बताता है, 'इस साल के मेरे कई रेजॉल्यूशंस होंगे, जैसे-मैं एक बेहतर इंसान बनने की कोशिश करूंगा, एग्जाम में अच्छे नंबर लाने के लिए मेहनत करूंगा, कोई नया खेल भी सीखूंगा। अपनी हॉबीज पूरी करने के लिए समय निकालूंगा। समय मिला तो एक नई भाषा सीखूंगा। सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

रोचक / शिखर चंद जैन

नए साल की अनोखी परंपराएं

बच्चों, नए साल पर जश्न मनाने का रिवाज पूरी दुनिया में है। लेकिन कुछ देशों में इस अवसर पर बड़ी अनूठी परंपराएं निभाई जाती हैं। जानो, इनके बारे में।

दरवाजे पर लटकाते हैं प्याज, ग्रीस : यूरोपीय देश ग्रीस में नए साल के दिन लोग अपने-अपने घरों के मुख्य दरवाजे पर प्याज लटकाते हैं। उनकी मान्यता है कि दरवाजे पर प्याज लटकाने से पूरे साल उनकी तरक्की होगी। दरअसल, यहां की संस्कृति में प्याज को विकास, तरक्की और खुशहाली से जोड़कर देखा गया है।

बौद्ध मंदिरों में 108 बार बजाते हैं घंटा, जापान: नववर्ष के अवसर पर जापान के बौद्ध मंदिरों में 31 दिसंबर की रात 12:00 बजे से ठीक पहले 107 बार और 12 बजते ही एक बार यानी कुल 108 बार घंटा बजाते हैं। इस परंपरा को जोयानोकाने कहा जाता है। इसके माध्यम से पुराने पाप नष्ट करने और 108 बुरी इच्छाओं को मारने की कल्पना की जाती है।

बर्फीली झील में पौधारोपण, रूस : रूस में पिछले 25 वर्षों से नए साल के अवसर पर बर्फ से जमी हुई दुनिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की बाईकाल झील की तलहटी में न्यू ईयर ट्री लगाने की परंपरा है। झील की सतह की खुदाई करके सुरंग से भी कम तापमान में सतह से 100 फीट नीचे जाकर दो तैराक न्यू ईयर ट्री रोपकर आते हैं। जो दो गोताखोर बर्फीले पानी में गोता लगाते हैं उनमें से एक को फादर फ्रोस्ट और दूसरे को आइस मैडन कहा जाता है।

जानवरों से करते हैं बातचीत, रोमानिया: रोमानिया के किसान नए साल के अवसर पर अपने पशुओं से बातचीत करते हैं। पशु सकारात्मक जवाब दें तो इसे गुड लक माना जाता है। साथ ही यहां सौभाग्य की प्राप्ति के लिए नदी में सिक्के फेंके जाते हैं। कुछ इलाकों में लोगों द्वारा तरह-तरह के जानवरों का भेष बना कर नृत्य किया जाता है। कई जगह भालू जैसी ड्रेस पहन कर लोग खूब नाचते हैं और वाद्य यंत्र बजाते हुए एक-दूसरे के दरवाजे पर जाते हैं। *

जीके क्विज-85

1. हाल में छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री कौन बना है?
2. मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री का नाम बताओ?
3. भारत की पहली महिला टेस्ट अंपायर कौन बनी है?
4. अंतरिक्ष में कुल कितने तारामंडल हैं?
5. जल की रानी किसे कहा जाता है?
6. किसे मसालों की रानी कहा जाता है?
7. दुनिया के सात अजूबों में से कौन-सा अजूबा अपने भारत देश में स्थित है?
8. आयरन मैन ऑफ इंडिया किसे कहा जाता है?
9. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से रहा है?
10. एक घंटे में कितने सेकेंड होते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-85 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-84 का उत्तर : 1-लालदुहोमा, 2-गुजरात, 3-अफ्रीका, 4-22 दिसंबर, 5-बंदर, 6-नागपुर, 7-नेपच्यून या वरुण ग्रह, 8-उल्लू, 9-कीव, 10-11 खिलाड़ी

जीके क्विज-84 का सही उत्तर देने वाले : गौरव-जांजगीर, रोशन-धमतरी, पुष्पिका-धमतरी, चेतन-बालोद, मारुति-बिलासपुर, प्रियंका-महासमुंद, पूजा-कोरबा, सरस्वती-भोपाल, मुकेश-कटनी, जितेंद्र-दिल्ली, अंकिता-भिवानी

हंसगुल्ले

चिंटू के स्कूल का पहला दिन था। जब वह घर लौटा तो मम्मी ने पूछा- चिंटू स्कूल का पहला दिन कैसा था?

चिंटू हैरानी से- क्या आपका मतलब है कि मुझे कल भी जाना होगा?

- निकिता, दिल्ली

मिक्की क्लास में हंस रहा था।

क्लास मॉनिटर चिंटू- स्टैंड आप, कौन हो तुम?

मिक्की- तुम कौन हो?

चिंटू- मैं मॉनिटर हूं।

मिक्की- तो फिर मैं की-बोर्ड हूं।

- यश, रायपुर

नेहा- गुड़िया, मैं जब भी गाना गाती हूं, तुम घर के बाहर क्यों खड़ी हो जाती हो?

गुड़िया- सबको यह बताने के लिए कि इतना बेसुरा मैं नहीं गा रही हूं।

- मिंटू, भोपाल

कहानी

आशा शर्मा

नए साल का रेजॉल्यूशन

मीनू आज बहुत खुश थी, क्योंकि उसकी मम्मी ने बताया था कि सर्दियों की छुट्टी में उसकी मौसी और उनका बेटा राजा उनके घर आएंगे। राजा उसका हमउम्र है, इसलिए उनकी आपस में खूब बनती है। राजा दो साल बाद आ रहा था। उसके आते ही मीनू उसे अपना आर्ट वर्क दिखाने लगी। उसने बहुत सारी ड्राइंग बना रखी थी। राजा कुछ देर तो उसके साथ रहा, लेकिन थोड़ी ही देर में बोर होने लगा। फिर अपनी मम्मी का मोबाइल लेकर उसमें गेम खेलने लगा। यह देखकर मीनू उदास हो गई, क्योंकि उसे राजा का गेम खेलना अच्छा नहीं लग रहा था।

शाम को जब मीनू के पापा घर आए तो उन्होंने बच्चों से पूछा, 'न्यू ईयर पर तुम लोग क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हो?'

'राजा तो मोबाइल पर एक घंटा एक्स्ट्रा गेम खेलने का रेजॉल्यूशन लेगा।' मीनू ने राजा को चिढ़ाते हुए कहा तो राजा ने उसे घूरकर देखा।

'क्या करूं इस लड़के का? जब ऑनलाइन स्टडी के लिए इसे मोबाइल देना शुरू किया था, तब से ही इसे मोबाइल पर गेम खेलने की लत लगी है। जब भी मौका मिलता है, मोबाइल पर गेम खेलने लगता है।' मौसी दुखी स्वर में बोलीं।

अगले दिन दोपहर को पापा दोनों बच्चों को घर की छत पर बनी बगिया में लेकर गए। मीनू अपने कलर और ब्रश भी लेकर गई। पापा ने पानी की एक स्प्रे बोतल राजा को पकड़ाई और उसे पौधों के पत्तों पर पानी स्प्रे करने के लिए कहा। पहले तो राजा को यह काम बोरिंग लगा, लेकिन थोड़ी देर बाद उसे बहुत मजा आने लगा। बड़ी आकार वाले पत्ते गीले हो गए तो पापा ने एक कपड़ा देकर उसे उन पत्तों को पोंछने के काम पर लगा दिया। इधर पापा ने मीनू को नवरात्रि में काम में ली हुई छोटी-छोटी मटकियां रंग पोतने के लिए दीं। पत्ते पोंछने के बाद राजा भी मटकियों और खाली कंटेनरों पर रंग पोतने लगा। तीन घंटे कब बीत गए, किसी को पता भी नहीं चला।

धूप तेज हो गई तो रंग पोती हुई मटकियां और अन्य सामान सूखने के लिए छोड़कर सब नीचे आ गए। मम्मी ने सबको टमाटर का सूप पीने के लिए दिया।

'सूप बहुत टेस्टी बना है मौसी।' राजा ने कहा तो मम्मी हंस दीं। 'सूप तो कल भी टेस्टी ही था, लेकिन कल तुम्हारा ध्यान गेम में लगा हुआ था।' मम्मी ने कहा तो राजा को फिर से मोबाइल याद आ गया। वह मम्मी का मोबाइल लेकर गेम खेलने बैठ गया। मीनू ने नाराजगी से देखा, लेकिन पापा ने उसे आंखों के इशारे से समझा दिया।

मीनू की मौसी का बेटा राजा, विंटर वेकेशन में उसके घर आया था। वह जब देखो तब मोबाइल गेम में लगा रहता। मीनू को यह देखकर बहुत खीज होती, क्योंकि राजा उसके साथ खेलता नहीं था। मीनू के पापा ने बड़े प्यार से राजा को कुछ ऐसे कामों में लगाया कि वह मोबाइल गेम खेलना भूल गया। विंटर वेकेशन खत्म होने पर जब राजा वापस अपने घर जाने लगा तो उसने नए साल का अपना जो रेजॉल्यूशन बताया, सब सुनकर बहुत खुश हुए।



अगले दिन फिर से पापा दोनों को लेकर छत की बगिया पर गए। सबने मिलकर कल के पोते हुए पॉट्स पर तरह-तरह की डिजाइन बनाकर उन्हें खूबसूरत बना दिया। राजा के लिए यह बिल्कुल नया अनुभव था। शुरू में उसे ब्रश चलाने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन थोड़े अभ्यास के बाद उसने भी दो मटकियों पर अपने मन से सोचकर डिजाइन बना ही लिए।

तीसरे दिन मीनू के पापा बच्चों को नर्सरी में लेकर गए। वहां से सर्दियों में खिलने वाले फूलों की पौधे लेकर आए। साथ में मिट्टी और खाद भी। घर आकर तीनों ने मिलकर उन फूलों के पौधों को रंगी हुई मटकियों में लगाया। फिर पापा ने मटकियों को रेलिंग के सहारे टांग दिया। राजा तो बस देखता ही रह गया। उसे यकीन नहीं हो रहा था कि वह भी इतनी सुंदर कलाकारी कर सकता है।

आज राजा ने बहुत काम किया था। इसलिए वह थक गया था। रात को खाना खाते ही उसे नींद आ गई। सुबह उठते ही वह भागकर अपने लगाए पौधे देखने गया। सब खिले हुए दिखे। पौधे देखकर राजा बहुत खुश हुआ।

इसके बाद तो आने वाले चार दिन राजा बगिया में आकर अपना समय बिताता। कभी पौधों को पानी देता, कभी उनके पत्तों पर पानी का स्प्रे करता, कभी उन्हें सहलाता, कभी प्यार करता, तो कभी उनसे बातें करता। सबने देखा कि उसका ध्यान मोबाइल की तरफ बहुत ही कम जाने लगा था। छुट्टियां खत्म हो गई तो राजा अपने घर जाने लगा। जाने से पहले वह अपने लगाए पौधों को प्यार करना नहीं भूला।

'हां तो बच्चों! नए साल में तुम लोग क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हो?' मीनू के पापा ने पूछा।

'मैं अपने घर की बालकनी में पौधे लगाऊंगा और घर के सारे कबाड़ से कुछ नया बनाने की कोशिश करूंगा।' राजा ने आत्मविश्वास के साथ कहा तो मीनू के पापा ने उसकी पीठ थपथपा दी। वहां बैठे सभी लोग जोरों से हंस पड़े। साथ में राजा भी हंसा। *

कविता

गोविंद भारद्वाज

नववर्ष का अभिनंदन

नववर्ष का नया सूरज
नई रोशनी लाया है।
देखो जी चहूं ओर ही
वर्ष चौबीस छाया है।
नव किरणों ने डाला है
वसुंधरा पर निज डेरा।
नई खुशियां लाया आज
नववर्ष का नव सवेरा।
खिल गई हैं कलियां नई
खिले हैं नए-नए फूल।
महकती है चारों तरफ
धरती मां की नई धूल।
सुख-समृद्धि लेकर संग
चली हर दिशा पुरवाई।
खेतों की क्यारी-क्यारी
सरसों पीली मुस्काई।
स्वागत करें नववर्ष का
शुभ अभिनंदन बार-बार।
नए साल में सुखी रहे
अपना ये सकल संसार।
आओ हम भी महकें अब
बन फूल चमन के सारे।
नए साल में एक बनें
हम बच्चे प्यारे-प्यारे।

अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर न्यू ईयर से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 9 अंतर हैं। पांच मिनट में ये सारे अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।

उत्तर: 1-सबसे दाएं वाले बच्चे का मुंह बंद है, दांत नहीं दिख रहे हैं। 2-इसी बच्चे के सामने रखा पीले रंग का गिफ्ट पैकेट का साइज छोटा है। 3-बीच वाली बच्ची के सिर से कैप गायब है। 4-बच्ची के सामने रखे गिफ्ट पैकेट की स्थिति में अंतर है। 5-इस गिफ्ट पैकेट के साथ एक यलो स्टार दिख रहा है। 6-सबसे बाईं तरफ वाले बच्चे का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 7-इस बच्चे की कैप के पास पिंक पेपर स्पार्कलर्स गायब है। 8-टेबल के गोल कॉर्नर का कलर अलग है। 8-न्यू ईयर के बैनर का रंग अलग है। 9-बैनर में लिखी हैप्पी की स्पेलिंग गलत है।

अंग्रेजी शब्द-जाल

बच्चों, नीचे दिए गए इस अंग्रेजी शब्द-वर्ग जाल में न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़े 12 शब्द छिपे हैं। जल्दी से इन्हें खोजकर बताओ।

W	I	H	V	V	A	X	R	N	R	Z	G	O	A	L	S	A	Z	Y	F
G	R	B	K	G	Z	T	Y	Z	I	Z	Z	J	Q	C	O	M	P	X	B
M	D	M	B	T	B	K	T	P	X	N	S	L	T	K	C	X	X	W	T
M	I	Q	C	R	A	E	Y	W	E	N	O	Z	J	K	S	K	R	N	H
L	P	D	M	V	X	P	N	Z	J	L	O	V	Z	V	Y	D	Z	Q	G
G	P	E	X	A	X	K	O	Q	N	C	O	U	N	T	D	O	W	N	I
F	V	Z	N	D	S	S	M	B	P	C	Y	W	V	F	T	W	F	B	N
T	R	S	P	S	P	A	R	K	L	E	R	S	H	Q	T	O	J	A	D
P	J	O	L	B	Y	V	M	S	Y	L	N	N	N	R	C	A	F	L	I
Y	L	P	E	N	S	K	R	O	W	E	R	I	F	Z	N	Y	C	L	M
X	J	K	E	B	D	P	P	G	W	B	K	N	J	U	G	J	W	O	J
W	I	S	C	F	S	F	L	D	B	R	G	P	A	J	E	X	A	O	K
Q	S	C	A	O	W	D	J	R	M	A	W	R	T	J	H	Q	H	N	C
F	R	Q	K	J	N	W	P	A	R	T	Y	P	O	P	P	E	R	S	O
K	E	P	A	U	J	F	G	X	M	I	Z	X	R	T	S	X	K	Q	L
V	E	N	R	I	Y	E	E	B	G	O	Q	Y	I	U	P	H	K	Y	C
Y	H	I	S	I	R	E	O	T	J	N	O	I	T	U	L	O	S	E	R
Q	C	S	H	A	P	P	Y	G	T	B	O	U	V	C	D	L	R	Z	G
R	M	Q	G	Q	X	Y	B	N	O	I	S	E	M	A	K	E	R	G	F
N	A	E	N	K	V	K	T	Y	F	H	R	R	A	Y	R	Y	I	A	V

उत्तर: 1-countdown, 2-midnight, 3-balloons, 4- celebration, 5-fireworks, 6-January, 7-happy, 8-clock, 9-cheers, 10-party, 11-resolution, 12-sparklers

रास्ता खोजो

बच्चों, न्यू ईयर पार्टी में सजावट के लिए गुब्बारे कम पड़ गए तो गोलू गुब्बारे खरीदने मार्केट गया, लेकिन लौटते समय वह पार्टी वाली जगह का रास्ता भूल गया। तुम गोलू को पार्टी वाली जगह पर दोस्तों के पास पहुंचने में मदद तो करो, ताकि सब मिलकर न्यू ईयर पार्टी की सजावट कंप्लीट करें और एंज्वॉय करें।

खबर संक्षेप

महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

झूक में विद्यार्थियों को वितरित की गर्म स्वेटर

महेंद्रगढ़। राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय झूक में नौसेना से सेवानिवृत रणधीर सिंह विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित की। उन्होंने चार अन्य कर्मचारी को शॉल वितरित किए। मुख्यातिथि पूर्व नेवी संगठन जिला प्रधान सत्यवीर सिसोदिया ने की तथा अध्यक्षता ऑल इंडिया वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रमुख सूबेदार अभय सिंह ने की। अध्यापक रणधीर सिंह ने बताया कि रणधीर सिंह पुत्र सुबेदार कर्ण सिंह वासी ढाणी गुढ़ा ने स्वेच्छा से विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित की है।

नारनौल। दिवंगत पुष्पलता को श्रद्धांजलि अर्पित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

सेशन जज की माता के निधन पर जताया शोक

नारनौल। हिसार के सेशन जज एवं नारनौल के मूल निवासी दिनेश मित्तल की माता पुष्पलता के आकस्मिक निधन पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री उनके मेहता चौक स्थित निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत पुष्पलता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक धार्मिक प्रवृत्ति की व्यवहार कुशल महिला थी। परमपिता परमात्मा उन्हें अपने चरणों में स्थान दें।

नारनौल। कम्बल वितरित करते क्बल के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

टाईगर क्लब ने झुग्गियों में बांटे गर्म कम्बल

नारनौल। टाईगर क्लब परिवार की ओर से एक झुग्गी एक कम्बल मुहिम टाईगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव की माता एवं अध्यापक संघ की पूर्व उपप्रधान बिमला यादव के जन्मदिन पर शुरू की गई। इस अवसर पर टाईगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति टाईगर क्लब परिवार की ओर से 1100 कम्बल जरूरतमंद लोगों में वितरित किए जाएंगे। इस मुहिम के तहत वीरवार को निजामपुर बाईपास झुग्गियों में कम्बल वितरित किए।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन में सफल प्रिया सम्मानित

मंडी अटेली। क्षेत्र के गांव छापड़ा सलीमपुर में गांव की बेटी प्रिया मेहता द्वारा विद्यार्थी विज्ञान मंथन में पूरे हरियाणा में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली प्रिया मेहता के पिता जयंत मेहता व सोनम यादव का ग्राम पंचायत व सभी ग्रामवासी ने भव्य सम्मान समारोह किया।

सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

मंडी अटेली। नारनौल-रेवाड़ी सड़क मार्ग पर गांव ताजपुर के समीप हुई दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रेवाड़ी के अजय नगर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि गत 26 दिसंबर की शाम उसका भाई आशीष कुमार का एक्सीडेंट गांव ताजपुर के समीप हो गया।

हवा सिंह बौद्ध की दादी का निधन

मंडी अटेली। दुबलाना निवासी हवासिंह बौद्ध की दादी जानकी देवी का वीरवार की सुबह निधन हो गया। वह 92 वर्ष की उम्र पार कर चुकी थी तथा लंबे समय से बीमार चल रही थी। जानकी देवी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती थी तथा गरीबों एवं दलितों की आवाज के रूप में विख्यात थी।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के आवेदक 4 व 5 को कागजात जमा करवाएं

- नजदीकी पशु चिकित्सालय में जाकर अपने कागजात पूरे करवाएं आवेदक
- अंत्योदय मेलों में पशुपालन को लेकर दिखा जबरदस्त रुझान
- पशुपालन विभाग ने अब तक 4.40 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के वे आवेदक जिन्होंने पशुपालन के लिए आवेदन किया था, उनको अपने कागजात पूरे करवाने के लिए चार व पांच जनवरी को नजदीकी पशु चिकित्सालय में जाकर अपने कागजात पूरे करवाने का अवसर दिया गया है। इस दौरान चिकित्सक तथा संबंधित बैंक कर्मी वहां पर मौजूद रहेंगे और आवेदकों के कागजात पूरे करवाएंगे। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने गत दिवस मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक में दिए। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत जिले में अब तक 1908 अंतोदय आवेदकों ने इस योजना के तहत पशु खरीदे हैं। इनमें से अब तक 1532 आवेदकों को ऋण वितरित कर दिया गया है। 1226 आवेदकों को विभाग की ओर से लगभग 4.40 करोड़ रुपये की सब्सिडी भी जारी कर दी गई है। उपायुक्त ने पशुपालन तथा बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी चार व पांच जनवरी को पशु चिकित्सालय में एक साथ मौजूद रहे, ताकि पशुपालकों को कागजात जमा करवाने में आसानी रहे। उन्होंने बताया कि 150 पशुपालकों ने पशु खरीदने से मना कर दिया है। यह लोग लोन नहीं लेना चाहते। इसके अलावा जो शेष आवेदक हैं उनके कागजात जल्द से जल्द पूरे करवाए जाएं और आगे की कार्रवाई शुरू की जाए।

नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

दुधारू गाय या भैंसों की डेयरी पर लोन राशि के 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान

पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डा. नसीब सिंह ने बताया कि पशुपालन विभाग की सभी योजनाएं अब सरल हरियाणा पोर्टल पर उपलब्ध हैं। विभाग की मिनी डेयरी, हाईटेक डेयरी, समेकित मुर्राह विकास योजना व देसी गौवंश संवर्धन जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत आवेदकों ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। सरकार की ओर से पशुपालकों के हित में अनुदान व प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने चार या 10 दुधारू गाय या भैंसों की डेयरी पर लोन राशि का 25 प्रतिशत अनुदान एवं 20 या 50 दुधारू डेयरी यूनिट पर ब्याज अनुदान का प्रावधान किया है। अनुसूचित जाति के पशुपालकों के लिए दो या तीन दुधारू मिनी डेयरी पर 50 प्रतिशत अनुदान, भेड़-बकरी के ऋण पर 90 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया गया है।

विभिन्न गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

जन संकल्प यात्रा के माध्यम से अंतिम व्यक्ति को मिल रहा लाभ : डा अभय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा वीरवार को खंड के गांव कारोता व नांगल शालू, नांगल चौधरी खंड के गांव शहबाजपुर व दताल, कनीना खंड के गांव मौड़ी व मानपुरा तथा महेंद्रगढ़ खंड के निहालावास व गडानिया गांव में पहुंची। गांव शहबाजपुर में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव, मौड़ी में अटेली विधायक सीताराम यादव व गडानिया में सीएमजीजीए दिवाकर कुमार मौजूद थे। वहीं कारोता में प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी भिवानी मनीष मित्तल व नांगल शालू में पूर्व पार्षद पृथ्वी सिंह एडवोकेट, दताल में पंचायत समिति चेयरमैन धौली कर्मपाल, मानपुरा में ब्लॉक समिति चेयरमैन जयप्रकाश तथा निहालावास में एसईपीओ अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। अटेली विधायक सीताराम यादव ने गांव मौड़ी में कहा विकसित भारत बनाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संकल्प यात्रा गांव-गांव पहुंचने के आदेश के साथ अंतिम व्यक्ति को लाभ देने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष की आयु तक के 84 लाख 81 हजार बैंक खाता धारकों का दुर्घटना मृत्यु जोखिम कवर बीमा किया गया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की आयु तक के 32 लाख 72 लाख लोगों का पंजीकरण किया गया है।

नारनौल। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक डा. अभय सिंह यादव तथा उज्ज्वला योजना के तहत पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन देते अटेली विधायक सीताराम यादव। फोटो: हरिभूमि

आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 29 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव टहला व मुकुंदपुरा, नांगल चौधरी खंड के गांव बनिहाड़ी व नांगल नूनिया, कनीना खंड के गांव रामबास व पड़तल तथा महेंद्रगढ़ खंड के पल्ह व पाल गांव में जाएगी।

महेंद्रगढ़। विजेता बच्चे को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

कला उत्सव प्रतियोगिता में छाया यदुवंशी का छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- छात्र साहिल ने क्लासिकल नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया

राज्य स्तरीय कला उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें यदुवंशी कनीना के छात्र साहिल ने क्लासिकल नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थी को बधाई दी और इसी तरह जीवन में आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि कला का उद्देश्य विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानना, उसे पोषित करना और साथ ही शिक्षा की कला को बढ़ावा देना है। यदुवंशी ग्रुप उपनिदेशक धर्मेश कौशिक व प्राचार्य नरेंद्र गौतम ने सभी बच्चों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कला उत्सव के इस आयोजन में राज्य भर से स्कूली विद्यार्थी चिन्हित होकर पहुंचे। शिक्षा में सांस्कृतिक गतिविधियों से न केवल विद्यार्थियों के संस्कार बढ़ते हैं, बल्कि लुप्त होती लोक कलाएं भी जीवंत होती है। उन्होंने बच्चे की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह मेहनत करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपने क्षेत्र व संस्था का नाम रोशन करें। यदुवंशी ग्रुप उपनिदेशक धर्मेश कौशिक व प्राचार्य नरेंद्र गौतम ने विजेता को सम्मानित किया। इस अवसर पर संगीत स्टाफ मोनिका शर्मा, मनीष राणा, गतिविधि इंचार्ज मोनिका यादव, सीनियर कोऑर्डिनेटर शशिकला, जूनियर हेड पूनम यादव, रीना यादव, बबीता, मुनेश शास्त्री, डीपी अमित व जितेंद्र उपस्थित रहे।

नववर्ष के अवसर पर नृत्य प्रस्तुत किया

नारनौल। मोहल्ला नई सराय स्थित सिटी किड्स स्कूल में नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में स्वागतम 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न नृत्य प्रस्तुत कर नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या संतोष कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्कूल प्राचार्या संतोष कुमारी ने बच्चों को नववर्ष आगमन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ग्रिगोरियन कैलेंडर का यह नया साल होता है। जिसकी शुरूआत जनवरी माह से होती है। इसके अलावा भी कई सारे और कैलेंडर भी चलन में हैं, लेकिन पूरी दुनिया में ग्रिगोरियन कैलेंडर के अनुसार ही नया साल मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रिगोरियन कैलेंडर की शुरूआत सन 1582 में हुई थी। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने मेरे भारत के बच्चे, राम सिया राम, हनुमान चालीसा, की जो केसरी के लाल, राम आएंगे मेरे अंगना, ओ माय फ्रेंड गणेशा, चंदा ने पूछा तारों से तथा छोटा बच्चा जान के ना कोई आंख दिखाना रे आदि मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मौके पर साक्षी सेन, तरुणा सैनी, मानसी सैनी, जया कौशिक, खुशी, सुधा सैनी, भूमि अग्रवाल, श्रीनिधि सहित स्टॉफ सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे।

नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्थापना दिवस समारोह 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 14 जनवरी मकर संक्रांति पर नई अनाज मंडी दादरी में किया जाएगा। इसका शुभारंभ प्रातः दस बजे होगा, जिसमें भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के साथ-साथ पूरे प्रदेश के लोग सम्मिलित होकर इस भव्य कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह स्वयं गांवों में जाकर निमंत्रण दे रहे हैं तथा प्रत्येक गांवों में विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित कर उन्हें विशेष सम्मान प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने वीरवार को शहादत नगर, नठेड़ा, श्यामनगर, सुरेहली, नेहरूगढ़, लूला अहीर, झाड़ोदा, दखोरा, रामगढ़, नांगल, खेड़ी, भगवानपुर, लिसान, गोठड़ा, कंवाली, डहीना, जैनाबाद, निमोठ, मंदोला, ढाणी ठेठरबाद, बोहका, ढाणी जरावत तथा ऊंचा गांवों में पहुंचकर निमंत्रण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से मानवीय गुणों का विकास होता है। एक शिक्षित राष्ट्र ही सफलता की सर्वाधिक बुलंदियों को छूता है। यदुवंशी शिक्षा निकेतन अपने 29वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ मानव जीवन में शिक्षा के महत्व को प्रदर्शित कर क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को अग्रणीय बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। राव के गांवों में पहुंचने पर उन्हें फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी ग्रामीणों ने उनका निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि शिक्षा प्रदान करना एक पुनीत कार्य है, जिस कार्य को आपने बखूबी निभाया है। इस भव्य कार्यक्रम में लाखों लोगों की उपस्थिति कार्यक्रम को यादगार बनाएगी। इस अवसर पर कंवर सिंह चेयरमैन, पूनम देवी जिला पार्षद, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया, ढिल्लू पूर्व जिला पार्षद, राजबीर सरपंच मनफरा, टिल्लू सरपंच, बबीता भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह। फोटो: हरिभूमि

मेघोत हाला स्कूल को रेंज स्तरीय यातायात प्रतियोगिता में प्रथम

नांगल चौधरी। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेघात हाला में प्रतिभाशाली प्रतिभा सम्मान समारोह प्राचार्य प्रेमसिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें रेंज स्तरीय यातायात परीक्षा में प्रथम रहे प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हेलमेट इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विभाग ने नियम निर्धारित किए है, लेकिन अधिकतर लोगों को नियमों की जानकारी नहीं, जिस कारण सड़क हादसों को बढ़ावा मिल रहा है। रोकथाम के लिए सरकार ने स्कूल व कॉलेज स्तर पर यातायात नियम जागरूकता के कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। बीते महीने जिला स्तरीय यातायात परीक्षा में विजेता रहे प्रतिभागियों को रेंज प्रतियोगिता में शामिल किया गया।

भोड़ी में बसपा का महिला सम्मेलन का आयोजन

नारनौल। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में अटेली विकास खंड के गांव भोड़ी में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट थे। अध्यक्षता महिला नेत्री उषा देवी ने की। सम्मेलन में सुशीला देवी, तारली देवी, उषा देवी, नीरज देवी व पिंकी देवी ने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन से गांवों में सरकारी अधिकारियों की टीम भेजकर परिवार पहचान पत्र की आय संबंधित त्रुटियों को दूर करने, काटे गए राशन काडोरं को पुनः बनाने तथा महिलाओं को रोजगार के लिए बैंकों से बिना ब्याज का ऋण मुहैया करवाने की मांग की। मुख्य अतिथि अतरलाल ने महिलाओं की ओर से उठाई गई मांगों को जायज बताते हुए कहा कि लोग कार्यालयों के चक्कर काट-काट कर परेशान हो रहे हैं।

पीएम श्री स्कूल की छात्रा राधिका कहानी लेखन में प्रथम, क्विज स्पर्धा में वंशिका विजेता

नांगल चौधरी। पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय रीडिंग प्रोग्राम प्राचार्य महावीर चंदेला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को कलात्मक प्रस्तुति दी तथा जल संरक्षण पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक शिल्पा संघी ने बताया कि प्रतियोगिता को दो भागों में विभाजित किया गया है। पहले चरण में छह से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को शामिल किया। जिनमें कविता पाठन में नांगल नूनिया मिडिल स्कूल की छात्रा दिव्यांशी, कस्तुरबा गांधी बालिका स्कूल की छात्रा सरिता को दूसरा व कांवी स्कूल के पियूश को तीसरा स्थान मिला।

भुंगारका के धर्मेंद्र यादव ने स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

नांगल चौधरी। हैदराबाद में संपन्न हुई 10वीं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भुंगारका निवासी धर्मेंद्र यादव ने गोल्ड मेडल जीतकर गांव व जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रतिभाशाली युवा को समाजसेवी महेंद्र सिंह गुर्जर ने सम्मानित करके हौंसला बढ़ाया। इस दौरान ग्रामीणों ने धर्मेंद्र का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि हैदराबाद में नेशनल स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजन हुआ था। तीन दिन चली प्रतियोगिता में 22 राज्यों के 400 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण करवाया था। भुंगारका निवासी धर्मेंद्र ने 257.7 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। इससे पहले भी धर्मेंद्र बॉडी बिल्डर स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल कर चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि धर्मेंद्र के परिवार की आर्थिक हालात अच्छी नहीं है, मजदूरी से परिवार चलता है।

जैव विविधता संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन

नारनौल। राजवंशी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम मौजूद विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

- जैव विविधता को हो रहे नुकसान से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राजवंशी स्कूल दौचाना में श्रीकृष्णा समाज सुधार एवं पशु पक्षी कल्याण समिति संस्थान की ओर से पशु-पक्षी संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के प्रधान डा. राम अवतार, सचिव डा. सुमेर सिंह, डा. अमर सिंह व डा. महावीर थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को आधुनिक क्रियाकलापों व मानवीय कारणों से हो रहे पर्यावरण व जैव विविधता को हो रहे नुकसान से अवगत करना था। इस अवसर पर राम अवतार ने बताया कि आज के आधुनिक बच्चे ही भविष्य निर्माता है व इनका जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें पशु पक्षियों का संरक्षण करना चाहिए। जिस प्रकार प्रकृति से बहुत से जीव विलुप्त हो रहे है, इनसे प्रकृति को भी नुकसान होता है, क्योंकि हम सभी एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। डा. सुमेर सिंह ने बच्चों को विद्यार्थी जीवन में शिक्षा, संस्कार व अनुशाशन के महत्व के बारे बताया। उन्होंने सभी बच्चों से आह्वान किया कि वे नित्य ही अपने माता का आशीर्वाद लें व निरंतर शैक्षणिक प्रयासों से उनका नाम रोशन करें। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश सांखला ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया। इस मौके पर महाबीर प्रसाद, रेखा, शान, शर्मिला आदि मौजूद थे।

शेखावाटी क्षेत्र की 251 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा

टीसी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह दो को

- खेल मैदान शिमला में दो जनवरी 2024 को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शेखावाटी के वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार एवं लेखक स्व. टीसी प्रकाश की 91वी जयंती के अवसर पर खेल मैदान शिमला में दो जनवरी 2024 को दोपहर 11:30 बजे आयोजित होने वाले भव्य सम्मान समारोह में शेखावाटी क्षेत्र की 251 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक रामानन्द शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सलाहकार डा. जितेंद्र सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरित ऋषि डा. हरिसिंह गोदारा करेंगे। कार्यक्रम के सह संयोजक डा. एलसी जोशी गुरुग्राम हरियाणा होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर संदीप नेहरा, विश्व के महान मूर्तिकार मातूराम वर्मा, डा. लोकेश मान, जयपुर सूचना जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक लीलाधर दोचानियां, गलता पीठ के राघवाचार्य सौरभ राघवाचार्य, योगी ज्योति नाथ, जिला परिवहन अधिकारी रमेश यादव खेतड़ी, डा. अंबिका दत्त कौशिक, राव ईश्वर सिंह यादव, राजेन्द्र यादव नीमका थाना, नगर पालिका चेयरमैन विजय पांडे सिंघाना, डा. एसपी यादव, अशोक शर्मा, धर्मपाल यादब, डा. किशोरीलाल यादव, प्रधान हरिकिशन यादव बुहाना, यादव महासभा अध्यक्ष रामचंद्र बोहरा, चेयरमैन विजयसिंह यादव, एडवोकेट दिनेश कुमार सांखला डायरेक्टर, निदेशक नवीन यादव, डीटीओ रमेश कुमार यादव खेतड़ी, रामगोपाल भूरिया, सरदार मल थानेदार बबाई, सीताराम जाट, सुधीर गुप्ता खेतड़ी, डीएसटी टीम प्रभारी वीरेंद्र सिंह सीकर, बजरंग लाल बबलू, राहुल गांधी विचार मंच के अध्यक्ष पूरणमल सुरोलिया, राजेंद्र यादव, लोकेश शर्मा खेतड़ी, अनिल शर्मा दलोता, सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के अटॉर्नी जनरल एडवोकेट हिमांशु उपाध्याय, डेलीगेट शकुंतला यादव, उमेदसिंह मान एडीपी शास्त्री नई दिल्ली, निरीक्षक डाकघर मुकेश सोनी खेतड़ी नगर, पूर्व प्रधान बजरंग सिंह चारावास खेतड़ी, श्रवण दत्त नारनौलिया होंगे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले पत्रकारों, साहित्यकारों व लेखकों का भी सम्मान किया जाएगा।


स्व. टीसी प्रकाश।

JOB / VACANCY
नारनौल के पास
कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्य हेतू योग्य कर्मचारियों की आवश्यकता है।
- COMPUTER OPERATOR
- SUPERVISOR
कम्प्यूटर की जानकारी होना अनिवार्य है।
Salary : 17000/- pm
रहना + खाना कंपनी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
नोट : प्लांट पर रहना अनिवार्य है।
सम्पर्क करें
95184-03638

खबर संक्षेप

गौसेवा मंडल का सम्मान समारोह एक को

नारनौल। श्रीअनाथ गोशाला में गौसेवा मंडल की बैठक प्रधान सत्यपाल यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें एक जनवरी को गौसेवक सम्मान व अन्नकूट प्रसाद के आयोजन पर चर्चा की। उप प्रधान दलीप यादव ने बताया कि एक जनवरी को जिले गौसेवा के लिए समर्पित लोगों को मंडल व गौशाला की ओर से सम्मानित करेंगे।

आर्यवीर दल के सतीश आर्य को मातृशोक

कनीना। खंड के गांव रसूलपुर निवासी एवं आर्यवीर दल के मंडलपति सतीश आर्य की माता गीतादेवी पत्नी मा. मुसद्दीलाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वैदिक परंपरा के अनुसार रसूलपुर के स्वर्गाश्रम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र, पौत्र व प्रपौत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई।

दुकानदारों ने किया भंडारे का आयोजन

कनीना। कनीना मंडी टी-प्वाइंट स्थित दुकानदारों ने वीरवार को भंडारे का आयोजन किया। जिसमें राहगीरों व जरूरतमंद नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। दुकानदार रविकुमार, दिनेश कथूरिया, ओमप्रकाश, मुकेश वर्मा, हेमंत कुमार, दीनदयाल, विक्की, सतीश कुमार ने बताया कि उनकी ओर से वर्ष में दो बार भंडारा लगाया।

पीटीआई राजेश कुमार बने ब्लॉक प्रधान

महेंद्रगढ़। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की ब्लॉक महेंद्रगढ़ के चुनाव राज्य उपप्रधान सुरेशचंद्र सरोहा की अध्यक्षता में करवाएं गए। जिसमें राजेश कुमार पीटीआई को ब्लॉक प्रधान, अशोक कुमार पीटीआई को उपप्रधान, अजीत सिंह जेबीटी टीचर को सचिव, ईश्वर सिंह जेबीटी टीचर को कोषाध्यक्ष चुने गए।

गाड़ी को टक्कर मारने के तीन आरोपित काबू

महेंद्रगढ़। पुरानी रंजिश के चलते जाना से मारने की नियत से गाड़ी को टक्कर मारने के मामले में थाना सदर पुलिस टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान नितिन उर्फ नेता वासी खेड़ा, विनय उर्फ मोनू उर्फ ठाली वासी बवानिया और अभिमन्यु उर्फ अभी के रूप में हुई है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

एसडीएम ने किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण

नारनौल। एसडीएम मनोज कुमार ने वीरवार को जिले के नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से निजामपुर रोड पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र पर उन्होंने वहां पर दाखिल मरीजों से हालचाल पूछा।

एरियर नहीं मिलने के विरोध में हड़ताल आज

नारनौल। नप कर्मचारी संघ इकाई नारनौल की कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया ने की। राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया ने बताया कि वर्ष 2017 से बकाया एरियर सभी पालिकाओं में कर्मचारियों को दें।

पीड़ितों के लिए वरदान साबित हो रही डायल-112, इस साल आई 31908 कॉल, सेवा, सुरक्षा व सहयोग का नारा भी हो रहा सार्थक

महज कुछ मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित लोगों को पहुंचा रही मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले में ईआरवी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में इस साल अब तक 31908 काल प्राप्त हुई है। कॉल प्राप्त होते ही डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों ने चंद मिनटों में मौके पर पहुंचकर शिकायतों का निपटान किया है। वहीं दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनका जीवन बचाया। बता दें कि प्रदेश सरकार की ओर से 12 जुलाई 2021 को डायल 112 प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई थी। प्रोजेक्ट के तहत तैनात किए गए इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकलों में घायलों की मदद के लिए स्ट्रेचर, फर्स्ट एड बाक्स के अलावा अन्य उपकरण भी लगाए गए हैं।

खास बातें

- सड़क हादसे, महिला व बच्चों के विरूद्ध अपराध भी शामिल
- घटना होने पर तत्काल देतें हैं डायल-112 पर सूचना, मिलती है मदद

एसपी ने डायल 112 पर किसी भी प्रकार की झूठी सूचना नहीं देने की दी नसीहत

पीड़ित को तत्काल मिलती है मदद

एसपी नितिश अग्रवाल ने बताया कि डायल 112 पुलिस सेवा, पीड़ित व्यक्तियों व फरियादियों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिलेभर में आमजन का पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। जब भी कोई नागरिक स्वयं को असहाय व असुरक्षित महसूस करता है, डायल 112 पर जब भी कॉल करता है, तो पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचती है। जिसकी वजह से पीड़ित व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है। एसपी ने कहा है कि सेवा, सुरक्षा व सहयोग पुलिस का परम दायित्व है तथा आम आदमी के जान एवं माल की सुरक्षा करना पुलिस की अहम जिम्मेदारी है। डायल 112 प्रोजेक्ट के तहत जिले में तैनात किए गए इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकल ईआरवी कॉल प्राप्त होने के महज कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों की मदद कर रही है। सड़क दुर्घटना, झगड़ा, महिलाओं के विरूद्ध अपराध, बच्चों से संबंधित अपराध शामिल हैं।

डायल 112 के तहत प्राप्त हुई काल का विवरण

साल	कॉल
2021	8626
2022	26713

2023 में अब तक प्राप्त कॉल

महीना	कॉल
जनवरी	2120
फरवरी	2130
मार्च	2346
अप्रैल	2584
मई	2753
जून	2673
जुलाई	2679
अगस्त	2879
सितंबर	3151
अक्टूबर	3182
नवंबर	2982
28 दिसंबर तक	2429

जिले में तैनात 16 ईआरवी

डायल 112 की प्रत्येक थाना में दो ईआरवी तैनात किए गए हैं। महेंद्रगढ़ के सिटी कनीना पुलिस स्टेशन, सदर कनीना पुलिस स्टेशन, निजामपुर थाना व नांगल चौधरी थाना में एक-एक ईआरवी तैनात है।

एसपी नितिश अग्रवाल।

ईआरवी ने किए उल्लेखनीय कार्य

ईआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों की ओर से उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। जिसमें दुर्घटना के दौरान घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाना, लापता हुए किशोर को कुछ ही समय में ढूंढना इत्यादि शामिल है। उल्लेखनीय कार्य करने पर एडीजीपी एएस चावला व पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल की ओर से ईआरवी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जा चुका है।

झूठी सूचना दी, तो होगी कार्रवाई

एसपी नितिश अग्रवाल का कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर कॉल कर पुलिस की मदद ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि डायल 112 के तहत तैनात ईआरवी कॉल प्राप्त होने के महज कुछ मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित लोगों को मदद पहुंचा रही है। एसपी ने कहा कि डायल 112 पर किसी भी प्रकार की झूठी सूचना न दें, झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक भोजन में मोटे अनाज को करें शामिल: विधायक डा. अभय सिंह

अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 हसनपुर में किसान मेला आयोजित

मेले में किसानों से मोटे अनाज को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने व नैनो यूरिया अपनाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करते नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से वीरवार को गांव हसनपुर में उप कृषि निदेशक डा. देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार ने शिरकत की। विधायक डा. अभय सिंह यादव ने किसानों को अपने दैनिक भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने के लिए आह्वान किया तथा नैनो यूरिया खाद का ज्यादा से ज्यादा इस्तमाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से दी जा रही नैनो यूरिया खाद पर अनुदान की योजना की सराहना की तथा जिले को आवंटित नैनो यूरिया खाद के छिड़काव के चार हजार एकड़ लक्ष्य को जल्दी पुरा करने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डा. राकेश कुमार ने किसानों को परम्परागत खेती छोड़कर फसल विविधिकरण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जैविक खेती या प्राकृतिक खेती ही आने वाला भविष्य है तथा किसानों को जल्द से जल्द इसको अपनाना चाहिए। उप मंडल कृषि अधिकारी डा. मनमीत यादव ने मेले में आए किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि जिन भी किसानों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, भूमि सत्यापन नहीं हुआ है तो उनकी सरकार की ओर से डाली जाने वाली अगली किस्त से वंचित रहेंगे। कार्यक्रम में मंच संचालन डा. सुमित यादव ने किया। उन्होंने विभाग की ओर से चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताया तथा नैनो यूरिया खाद पर अनुदान तथा छिड़काव के लिए विभाग की वेबसाइट एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण करने के लिए जागरूक किया।

पौषक अनाज का महत्व बताया

कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़ से वरिष्ठ संयोजक डा. रमेश कुमार ने पौषक अनाज की महत्वता के बारे में बताया तथा गेहूं के आटे में हानिकारक प्रोटीन मात्रा के बारे में भी किसानों को जागरूक किया। मशरूम की खेती तथा मधुमक्खी पालन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र महेन्द्रगढ़ की ओर से दी जा रही विभिन्न प्रशिक्षणों के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र से पौधा रोग वैज्ञानिक डा. नरेन्द्र सिंह ने गेहूं, सरसों व चने में विभिन्न रोगों तथा उसके निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरसों में कुछ जगहों पर सफेद रतुआ रोग देखा गया है जिसके उपचार के लिए किसान भाई मैनकोजेब एम-45 500 ग्राम प्रति 200 लीटर पानी प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव करें। डा. आशीष ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

4 हजार प्रति एकड़ अनुदान

उद्यान अधिकारी डा. प्रेमकुमार ने मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बाग लगाने पर सरकार की ओर से 43000 रुपये प्रति एकड़ तीन वर्ष में अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया की बागवानी विभाग की सभी स्कीमों के लिए एचओआरटी नेट पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं तथा बागवानी विभाग की किसी भी योजना में शामिल होने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक है।

29 यंत्रों पर अनुदान

राम सिंह बरवाला ने कृषि यंत्रों पर चर रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार 29 यंत्रों पर अनुदान दे रही है जिसका पंजीकरण विभागीय वेबसाइट पर करना आवश्यक है। गुण नियंत्रण अधिकारी संजय यादव ने गोबर गैस प्लांट पर भारत सरकार की ओर से दिए जा रहे अनुदान के बारे में किसानों को जागरूक किया। सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डा. हरपाल सिंह ने प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप कृषि निदेशक देवेन्द्र सिंह ने इस विशाल किसान मेले में आए का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशनोत्तरी का अयोजन किया गया तथा 10 किसानों को सब्जियों के बीज तथा गेहूं में खरपतवार नियंत्रण की दवाई ईनाम के रूप में दी गई।

नारनौल। अपार होटल में पत्रकारवार्ता करते हुए पूर्व एसई राव सुखबिंद्र सिंह।

कार्यकर्ता से चर्चा पर निर्भर होगा राजनीतिक भविष्य

- पूर्व सांसद सात जनवरी को डोहर कलां में करेंगे सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह के पुत्र और सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिंद्र गांव डोहर कलां में आगामी 7 जनवरी को क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित किया जाएगा। इस तरह के नारनौल विधानसभा में कई सम्मेलन किए जाएंगे तथा कार्यकर्ताओं की रायशुमारी करके वह खुद का राजनीतिक भविष्य तय करेंगे। यह जानकारी खुद राव सुखबिंद्र सिंह ने अपार होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए बताया कि वे नारनौल विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी गांवों और शहर के कुछ वाडाऱ् में अपना जनसंपर्क अभियान पूरा कर चुके हैं। अब वे पांच -सात गांवों के कार्यकर्ताओं के सम्मलेन आयोजित करने जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत शास्त्री नगर नारनौल में युवा सम्मलेन का आयोजन करके कर दी गई है। अगला सम्मलेन 7 जनवरी को गांव डोहर कलां में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उन्हें लोगों का पूरा सहयोग और समर्थन मिल रहा है। उनके पिता के कार्यकर्ता भी जो अब तक दूसरी पार्टियों के साथ जुड़े हुए थे, हमारे साथ वापस जुड़ रहे हैं। क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मलेन के बाद पूरे विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मलेन नारनौल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वह अपना राजनीतिक भविष्य तय करेंगे। उन्होंने बताया कि हालांकि अब भी कई राजनीतिक दल उनसे संपर्क कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्होंने तय नहीं किया है कि वह किस पार्टी में जाएंगे। इससे पूर्व अपने कैंप कार्यालय परिसर में आयोजित युवा सम्मलेन को संबोधित करते हुए राव सुखबिंद्र सिंह ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश की सबसे बड़ी ताक़त होती है। इसलिए हर युवा को काम मिले, ताकि देश तरक्की कर सके और युवा असामाजिक गतिविधियों से न जुड़ें। इस मौके पर कैप्टन अभिजीत यादव एवं रिटायर्ड टीचर रघुविंद्र सिंह यादव भी मौजूद थे।

सरकार आईएमटी के नाम पर बेरोजगारों से कर रही मजाक

- रिटायर्ड अधिकारी ने महेंद्रगढ़ विस में चलाया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आईएमटी खुडाना के नाम से प्रदेश सरकार ने बेरोजगारों के साथ भद्दा मजाक करने का काम किया है। उपरोक्त बातें महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्ति डॉ. भूपसिंह यादव ने गांव सुरहेती में अपने जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों को रूबरू होते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भी स्थानीय विधायक ने लोगों को आईएमटी के नाम से गुमराह करने का कार्य किया। वहीं भाजपा शासन काल में मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने आईएमटी खुडाना का शिलान्यास किया, लेकिन वहां पर आईएमटी के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगी। आए दिन आईएमटी शुरू होने के नाम पर बेरोजगार युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा शासन काल में ग्रुप सी और डी की भर्ती काफी दिन से रुकी हुई है, जिसको लेकर क्षेत्र का बेरोजगार युवा निराशा है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश में बेरोजगार युवा अपने सही मार्ग से भटक गया है। युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

जेजेपी एससी सैल की जिला कार्यकारिणी बनी

- नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जननायक जनता पार्टी के एससी सैल की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जेजेपी एससी सैल के जिला कोर्डिनेटर महेंद्र सिंह खन्ना (पूर्व डीजीएम बीएसएनएल) ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, प्रधान महासचि दिग्विजय सिंह चौटाला, एससी सैल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश खटक व प्रदेश प्रभारी प्रीत्तम मेहरा की देखरेख में किया है। जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि सुमन देवी कारिया, रवि दत्त हुडीना, महावीर वाल्मीकि रावका नारनौल, शेखर राता कलां एवं जिला पार्षद मुन्नीपाल खैरानी को जिला उप्रधान बनाया गया है। जितेंद्र तोबड़िया तोबड़ा, सोनू वाल्मीकि नारनौल, सुरेश खन्ना किला रोड, सुजान पटीकरा एवं बाबूलाल डोहर कलां को महासचिव बनाया गया है। दीपक पटीकरा, महावीर गहली, सत्यवीर गहली, शिवलाल मोहल्ला बास, कैलाश महेंद्रगढ़, चरण सिंह रावका नारनौल, लालाराम नांगतिहाड़ी, बनवारी कालबा तथा बलबीर को बनाया गया।

एडीसी को सौंपा मांगों का ज्ञापन

- ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को वेतन दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल। प्रदर्शन करते ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी की बैठक वीरवार को जिला परिषद प्रांगण में जिला प्रधान महेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला सचिव सुरेंद्र कुमार मकसुसपुरिया ने किया। इस अवसर पर एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह व जिला सचिव छाजूराम रावत ने भी सभा को संबोधित किया। बैठक के बाद अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह को ज्ञापन सौंपकर गांव ढाणा ब्लॉक कनीना के छह ऑपरेटरों का पिछले चार महीने का बकाया वेतन दिलाने की मांग की। एडीसी ने समस्याओं को ध्यान से सुना और सहानुभूति पूर्वक विचार कर समाधान का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण जल कर्मी सर्दी-गर्मी में भी गांवों में दिन रात ड्यूटी कर घर-घर स्वच्छ पेयजल की सुचारू आपूर्ति का काम कर रहे है, लेकिन गांवों में सुचारू पेयजल आपूर्ति को समर्पित ऐसे जल कर्मी गांवों की नवगठित पंचायतों के सरपंच चुनावी रंजिश के चलते हटाए की धमकी देने के आरोप लगाए।

गोबर गैस प्लांट लगवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

नारनौल। जय माता दी महिला ग्राम संगठन कटकई ब्लॉक अटेली की प्रधान मधु देवी ने वीरवार को वीरवार गांव कटकई में गोबर धन स्कीम के तहत गोबर गैस प्लांट लगाने की मांग को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें कहा कि पांच साल पहले खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी अटेली व जिला एजेंसी के अधिकारियों ने गांव कटकई में गोबर धन स्कीम के तहत बड़ा गोबर गैस प्लांट लगाने की घोषणा की थी, लेकिन अभी प्लांट नहीं लगा है, जबकि ग्राम पंचायत की तरफ से जमीन की सहमति प्रदान कर दी गई है। गांव में घर-घर में पशु धन है। इस प्रकार गोबर की कोई कमी नहीं होगी। अतः जनहित में गांव कटकई में गोबर धन स्कीम के तहत गोबर गैस प्लांट लगवाया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

अधिक से अधिक लाभार्थियों को पंजीकरण करवाने का रोड मैप तैयार

अब ऑनलाइन सत्यापन कर सकेंगे सरपंच

- मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बिना गारंटी मिलेगा ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल। पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में बैठक लेते उपनिदेशक दिनेश कुमार।

पीएम विश्वकर्मा योजना हस्त एवं औजार से पुस्तैनी तौर पर कार्य करने वाले 18 श्रेणियों के कारीगरों के उत्थान के लिए है। इस योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों को पंजीकरण करवाने का रोड मैप तैयार करने के लिए वीरवार को डीआरडीए में जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस अवसर पर जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक दिनेश कुमार ने बताया कि इस योजना के लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य सरपंचों की ओर से ऑनलाइन किया जाना है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायत को पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना है। जिले के सरपंच अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर अपनी ग्राम पंचायत को पीएम विश्वकर्मा डॉट जीओवी डॉट इन पर रजिस्टर्ड करवाएं, ताकि पात्र लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शीघ्र अति शीघ्र किया जा सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हस्त एवं औजार से पुस्तैनी तौर पर कार्य करने वाले 18 श्रेणियों के कारीगरों को शामिल किया गया है। इसमें मुख्यतः लौहार, सुनार, कुम्हार, बढ़ई, राजमिस्त्री, मूर्तिकार, खिलौना निर्माता, नाई, दर्जी इत्यादि को स्कीम के तहत प्रदान किए जाने वाले लाभ जैसे विश्वकर्मा प्रमाण पत्र व पहचान पत्र जरूरी प्रशिक्षण व आधुनिक औजार खरीदने के लिए 15 हजार रुपये की एक मुश्त राशि ई-वाउचर के तहत प्रदान की जाएगी।

ये हैं योग्यता के मापदंड

पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। उसे पिछले पांच वर्ष में पीएमईजीपीए पीएम स्वनिधि एवं मुद्रा योजना के तहत ऋण नहीं लिया होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य इस योजना के तहत पात्र नहीं होंगे।

डीसी ने बैंकर्स की ली तिहाही बैठक

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय बैंक समीक्षा की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सितंबर से अब तक बैंकों के कार्य की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने नाबार्ड की अनुमानित ऋण योजना 2024-25 की बुकलेट का विमोचन किया। डीसी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए अधिक से अधिक नागरिकों का पंजीकरण करवाया जाए। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के बीच की आयु के नागरिक 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर बीमा करवा सकते हैं। इसमें दुर्घटना में मौत होने पर परिवार को दो लाख, अपंगता होने पर एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है।